# विनय

साहित्य का महत्व बढता जाता है। अुसके साथ साथ साहित्य-कारों की संख्या भी बढती है। लोकशासन के दिनों में शिक्षा का सार्वत्रिक होना अनिवार्य है। पढने वालों की संख्या बढते ही अखबारों की आमदनी बढती है, अुनका महत्व बढ़ता है। अच्छे अच्छे लेखक अखबारों के संपादक बनके तनखा भी ठीक ठीक पाते हैं। पढ़ने का शौक़ बढ़ने के साथ अुपन्यास और लघुकथा की मांग बढती है। अच्छे से अच्छे लेखक, विचारक और तत्वचिंतक अपने सर्वोच्च विचार और समाजहित की सूचनाअें अुपन्यासों में प्रथित कर के लोगों के सामने धरते हैं। अिस युग के सर्वश्रेष्ठ विद्वान और समाज-धुरीण भी अुपन्यासों के द्वारा समाज को अपने सिद्धांतों की दीक्षा देने की कोशिश करते हैं। साहित्य की शक्तिका आविष्कार और परिचय यहा तक बढा है कि राजकाज-धुरंधर मंत्री और युद्ध-कुशल सेनानी भी साहित्य की मदद के लिये लालायित रहते हैं। और धन की लालसा से विलास की चीज़ें पैदा करनेवाले कारखानदार भी अपनी अिश्तेहारों के लिये साहित्य की मदद खरीद लेते हैं। सचमुच आज का युग साहित्य-युग है।

अैसे दिनों में कभी कभी साहित्य के आदर्श का चिंतन-मनन करना अनुपयुक्त नहीं होगा।

साहित्य मेरा क्षेत्र नहीं है। हालांकि मैंनें साहित्य का सेवन भी किया है और साहित्य की कुछ सेवा भी की है। लोका-शिक्षा और लोक-सेवा को ही मैं ने अपना स्वधर्म माना है। लेकिन अुसकी मदद में मैं ने साहित्य को बार बार बुलाया है। साहित्य-सेवियों की गोष्टी में अनेक दफ़े जा बैठा हूँ। अुन से विचार-विनिमय किया

है। फलस्वरूप साहित्य के आदर्श के बारे में और कार्य के बारे में जो भी कुछ सूझा मैंने समय समय पर शब्द बद्ध कर रखा। अुसका यह अनुवाद है। साहित्य के बारे में मैं ने गूजराती में जो कुछ लिखा, अुसका संग्रह "जीवन भारती" के नाम से प्रकाशित हुआ है। गुजराती मेरी जन्म भाषा तो नहीं है, लेकिन राष्ट्र-सेवाके २०–२५ बरस गुजरात में ही व्यतीत करने के कारण अुसी भाषा में लिखना मेरे लिये स्वाभाविक था। अुस "जीवन भारती" में से थोडे से लेख अिकट्ठा कर के श्री श्रीपाद जोशीने जेल में बैठे बैठे अुसका मराठी अनुवाद किया। मेरे गुजराती लेखों का, मेरी ही जन्म भाषामें दूसरा कोअी अनुवाद करें और महाराष्ट्री वाचकों को मेरे विचार अनुवाद के रूप में पढ़ने को मिले यह अेक अजीब सी घटना मालूम होती है। मराठी अनुवाद का अच्छा सत्कार होने के कारण श्रीपाद जोशीने गूजराती पर से यह हिंदी अनुवाद किया है। हिंदी न मेरी जन्म-भाषा है, न श्रीपाद जोशी की। लेकिन हिंदी शैली मराठी और गूजराती के बहुत ही नज़दीक होने के कारण अिन दो भाषा के ग्रंथों को हिंदी में लाना बिल्कुल आसान है।

अिस सुगमता के साथ अेक ख़तरा भी अुठाना पडता है। अनुवादक को जब मराठी गूजराती और हिंदी–तीनों के ग्रंथ पढने का अभ्यास होता है तब वह तीनों के मुहावरों की देखते देखते खीचडी कर डालते हैं। और हिंदुस्तान का अनुभव है कि खीचडी का आहार बहुतों को प्रिय है। खास करके हिंदी वालों ने तो शुरू से ही खीचडी के सेवन का अभ्यास रखा है।

शुरू शुरू में बांगला साहित्य का अनुवाद हिंदी में होनें लगा। और हिंदी की शैली बांगला साहित्य शैलीसे पूर्ण रूपेण प्रभावित हुअी। 'विरक्त होना', 'स्पर्धा करना' जैसे बंगाली मुहाविरें; रुष्ट होना,

ढिटाअी करना, के अर्थमें हिंदी में चलने लगे। अर्दू म रूह शब्द स्त्रीलिंग है अिस लिये हिंदी में आत्मा को भी, संस्कृत परंपरा छोडकर स्त्रीलींग बनना पडा।

अब हिंदी ने कभी मराठी की ओर कभी गुजराती की खीचडी खाना भी शुरू किया है। संभव है कि साहित्य चर्चाके अिस संग्रह में पाठकों को मराठी और गूजराती दोनों के मुहावरों का हिंदी के साथ मिलान हुआ मिलेगा। हमारी सब प्रान्तीय भाषाओंका यही हाल होने वाला है। अिसलिये यहाँ की खीचडी-शैली के लिये क्षमा प्रार्थना करने को जी नहीं चाहता। क्षमा तो तब मांगी जाती है जब आयंदा वैसा ही गुन्हा न करने का संकल्प हो।

मुझे अिस बात की क्षमा जरूर मांगनी चाहिये कि यहाँ पर मैंने मेरे चंद पुराने लेखों का ही संग्रह शाया होने दिया है। नया कुछ लिखने बैठुं तो कहने लायक बहुत बातें हैं किन्तु अुसके लिये समय नहीं है। और जो कुछ भी लिखा गया है, मेरे ख्यालसे, वह आज भी अुतना ही जरूरी है जितना वह लिखते समय अिष्ट माना गया था।

मूल के साथ अनुवाद का मुक़ाबला मैं नहीं कर सका हूँ। आशा करता हूँ कि पाठकों को अिस संग्रह में कुछ रुचिकर और हितकर मसाला मिल जायेगा।

काका

## : : : मेरे साहित्यिक संस्कार

पुराने ज़मानेमें वेदान्तकी जितनी चर्चा और मीमांसा चलती थी अुससे आजकी साहित्य-चर्चा कुछ कम नहीं है। आज साहित्यका तंत्र बहुत सूक्ष्म और अटपटा हुआ है। अिस तंत्रके अनुसार लिखना कोअी आसान बात नहीं है। अिस तंत्रकी तानाशाहीसे अूबकर बेचारा भवभूति बोल अुठा थाः—

**सर्वथा व्यवहर्तव्यम् कुतो ह्यवचनीयता।**
**यथा स्त्रीणां तथा वाचाम् साधुत्वे दुर्जनो जनः॥**

लेकिन आद्य साहित्यकारके सामने कौनसा तंत्र था? हर देश तथा समाजका आद्य साहित्यकार अनजाने ही साहित्यिक हुआ होगा, क्योंकि साहित्य बिलकुल प्राकृतिक प्रवृत्ति है। अवलोकन, निरीक्षण, विचार, कल्पना या भावना जब अुत्कट हो जाती है तब मनुष्यसे लिखा-बोला जाता है; और अुत्कटताका यह स्वभाव ही है कि अुसकी भाषामें कुछ असाधारणपन, कुछ आकर्षण, कुछ चमत्कृति आ ही जाती है। अुत्कटतामें स्वाभाविक सौन्दर्य प्रकट हुअे बिना रहता ही नहीं। यह शोभा पहले तो आप ही आप फूट निकलती है, लेकिन बादमें वह शोभा ही सारा ध्यान खींच लेती है और सराहनाका विषय बन जाती है। अुसमेंसे धीरे धीरे साहित्यका तंत्र बँध जाता है।

पहले तो लोकसाहित्यकी ही सृष्टि होती है। अुसमें धीरे धीरे प्रयत्नपूर्वक शोभा लानेसे शिष्ट साहित्य तैयार होने लगता है। लोक-साहित्यमें दो लक्षण हमेशा दिखाअी देते हैं; साहित्यशास्त्र और धर्मशास्त्रके कृत्रिम और निश्चित बन्धनोंमें वह नहीं बँधता। सामान्य लोकसमाजकी स्वतंत्र प्रवृत्ति और स्वयंभू प्रेरणाके वशमें जब तक

साहित्य रहता है तभी तक वह लोकसाहित्य होता है, सदाचार और सदभिरुचिकी जितनी रक्षा सहजरूपसे अुसमें की जाती हो अुतनेसे ही वह सन्तोष मानता है। प्रयत्नपूर्वक मर्यादाअें बाँधकर आग्रहके साथ अुनका पालन करने जायँ तो लोकसाहित्यका लौकिक-पन मिट जाता है।

लोकसाहित्यकी बड़ी फ़सल आनेके बाद मनुष्यको अुसमें छलनी लगानेकी अिच्छा होती है। और अुसीमेंसे शिष्ट समाजका साहित्य बढ़ता है।

लोकसाहित्यकी स्वाभाविकता और ताज़गी मुझमें हो या न हो, शिष्ट–साहित्यका असर मुझपर पड़ा हो या न हो, मैं तो अपनेको स्वाभाविक लेखकोंकी श्रेणीमें ही गिनता हूँ। अनुभव और चिन्तनसे जो कुछ और जैसा कुछ सूझे वही अुस अुस वक्त लिख डालना मैंने पसन्द किया है। प्रयत्नपूर्वक साहित्यसेवा तो मेरे हाथों हुअी ही नहीं। शिष्ट समाजमें विचरता हुआ भी मैं शिष्ट समाजका नहीं हो सका। जैसा कुछ अनगढ़ था वैसा का वैसा ही रह गया हूँ। मुझे अिसका दुख नहीं है क्योंकि अुस रास्तेसे ही मैं अपने अपने-पनकी–फिर वह अपनापन चाहे जितना स्वल्प क्यों न हो–रक्षा कर सका हूँ। अनगढ़ मनुष्यको सामाजिक व्यवहारमें क़दम क़दम पर कड़ुवे अनुभवोंका सामना करना ही पड़ता है। अैसे अनुभव मेरे लिये दो नतीजे लाये। अेक तो यह कि मैं समाजसे अुकताकर कुदरतकी गोदमें जा पड़ा; और दूसरा यह कि मैं अन्तर्मुख हो गया। पहले पहले ये दोनों वृत्तियाँ साहित्यसृजन करने न देतीं थीं। अिसलिये यानी संयमके अुद्देश्यसे नहीं बल्कि आत्म-अविश्वास, लज्जा और मुग्धभावके कारण मैं साहित्यसे दूर ही रहा। विद्याध्ययनके दिनोंमें जो कुछ पढ़ना पड़ा और जो कुछ थोड़ा सा अपने असाधारण आकर्षणके कारण

नज़रमें जँच गया अुतना ही मैंने पढ़ा। अपनी साहित्य-शक्तिको बढ़ानेका जो क़ीमती मौक़ा था अुससे मैंने कोअी फ़ायदा नहीं अुठाया।

मुझमें अगर कुछ भी साहित्यशक्ति पैदा हुअी हो तो वह अपने अनुभव और विचार व्यक्त करनेकी अुत्कटतामेंसे ही हुअी है। और वह स्वाभाविक रूपसे संभाषणमें ही परिणत हुअी। काश, अुस वक्त मुझे वासरी ( डायरी ) लिखनेकी आदत होती! अपने अेक शिक्षकको मैंने अैसी वासरी लिखते देखा है। अुनकी वासरी पढ़नेकी हमें अिजाज़त थी, लेकिन अुसका आस्वाद लेने जितनी शक्ति हममें न थी; क्योंकि वे अपनी वासरी अंग्रेज़ीमें लिखते थे। अुसे अगर वे मराठीमें लिखते तो मेरे जैसे अनेक मुग्ध बालकोंको असाधारण लाभ पहुँचा होता।

अितना तो सही है कि चिट्ठी-पत्र और वासरी ही सामान्य जन-समाजका साहित्य है। मेरे ख़याल से वही अुच्च कोटिका साहित्य है। दूसरोंसे कहने जैसा जितना कुछ हो अुतना ही हम ख़त-पत्रोंमें लिखते हैं और अपने जीवनमें जो कुछ दर्ज करने जैसा हो, यानी ख़ासियत रखता हो, वही वासरी के पृष्ठोंमें आ जाता है। अैसी बढ़िया छलनीसे छनी हुअी कृतियाँ साहित्यका दर्जा हासिल करें तो अुसमें क्या आश्चर्य? साहित्यकार भले कहें कि नाटकान्तं कवित्वम्, अुनकी बात का विरोध मैं नहीं करता। सभी प्रकारकी विविधता और आकर्षकता नाटकोंमें स्वाभाविक रूपसे अिकट्ठा होती है। फिर भी मैं कहूँगा कि पत्रमूलं एवं वासरीमूलं च साहित्यम्। दोनोंमें वास्तविकताका बड़ेसे बड़ा आधार रहता है। आजकलके कृत्रिम युगमें पत्र और वासरी दोनों बनावटी ढंगसे भी लिखे जा सकते हैं। अुसका विचार यहाँ किसलिये करूँ? दुनियाकी कौनसी चीज़ विकृत नहीं होती? संभाषण और मनन जिस तरह अुत्कट व्यापार हैं अुसी तरह पत्र और वासरी दोनोंका लेखन अुत्कट व्यापार है।

हमारे बचपनमें साहित्य कंठ करनेका रिवाज बहुत था। स्कूलमें तथा घरमें लड़कोंसे बहुत कुछ कंठ कराया जाता था। लेकिन हमारी प्राथमिक शालाओंमें अुच्च अभिरुचिसे चयन कर देनेवाला कोअी न था। घरमें तो बालबोध और सकाम भक्तिसे चुना हुआ साहित्य याद करनेका रिवाज था। शामको मन्दिरोंमें पुराणिकोंका पुराण सुनने बैठें और रातको हरिदासोंके संगीतामिश्रित हरिकीर्तनका मज़ा लूटने जाएँ तभी साहित्यरसिकताका अखूट आस्वाद मिलता था। अुसमें भी अर्थालंकारकी अपेक्षा शब्दालंकार और श्लेषपर ही हमारे ये साहित्याचार्य कुर्बान होते थे।

घरमें सबसे बड़े भाअी संस्कृतके रसिया थे। बचपनमें अुन्हें पढ़ाने के लिये अेक शास्त्रीजी रखे गये थे। भाअीसाहब कभी कभी संस्कृतके अच्छे अच्छे फ़िक़रे पढ़कर सुनाते थे, घूमते-टहलते वक्त कंठ किये हुअे श्लोक गुनगुनाने की अुन्हें आदत थी। अर्थ भले ही समझमें न आये, लेकिन संस्कृत वाणी की ध्वनि के प्रति आदर और प्रेम तो मेरे मनमें बचपनमें ही अिस तरह जागृत हुआ था। आज भी मुझे अैसे दो फ़िक़रे याद हैं जिनका अर्थ मैं समझ सका था। अेक है सावित्री–आख्यानका और दूसरा है शांकरभाष्य के अेक आसान अंश का।

अेक तरफ़ माताजीके मुँहसे सुने हुअे पौराणिक लोकगीत, दूसरी तरफ़ संस्कृत सुभाषित और बीचमें समायी हुअी पुराणिकोंकी गरी–यह मेरा बचपनका साहित्यिक पाथेय था। दिलचस्पी आने लगी पांडवप्रताप, शिवलीलामृत, सन्तलीलामृत, भक्तिविजय हरि-विजय आदि मराठी काव्यग्रंथ पढ़नेमें और 'नवनीत' नामके मराठी काव्यसंग्रहमें आये हुअे मराठी कवियोंके गीत गाने में। अिस पुराने मराठी साहित्यके कारण मेरा शब्दसंग्रह बढ़ा और संस्कृत सीखनेकी पूर्व तैयारी हो गयी।

'संस्कृत शैली या लोकशैली?' का झगड़ा आजकल प्रत्येक प्रान्तमें चल रहा है। हमने यह झगड़ा यूरपसे मोल लिया है। लोक-भाषा, लोकसाहित्य और अुनके देशज शब्दोंकी मुझे क़द्र है। यह मैं भी मानता हूँ कि अुनके अुद्धारके बिना लोकजागृति और लोकशिक्षा संभव नहीं है। फिर भी जो लोग यह कहते हैं कि संस्कृतकी धुरा फेंक दो और सिर्फ़ लोकभाषासे ही प्रेरणा लो, अुनसे मैं सहमत नहीं हो सकता। संस्कृत भाषा चाहे जितनी मुश्किल हो, अुसका व्याकरण चाहे जितना अटपटा हो, फिर भी वह हमारी भाषा है, हमारी बनायी हुअी भाषा है। अुसमें हमारी जनताका स्वभाव और अुसका मानसिक गठन प्रतिबिंबित हुआ है। अुसके पोषण के द्वारा ही हम संस्कृतिपुष्ट होनेवाले हैं। अंग्रेज़ोंके लिये जिस तरह ग्रीक या लैटिन परायी भाषाअें हैं अुस तरह संस्कृत हमारे लिये परायी नहीं है। हम अगर संस्कृतसे पोषण लेना छोड़ दें तो हम सभी तरह से क्षीण हो जायेंगे। हमारी सांस्कृतिक अेकता और सांस्कृतिक समृद्धिमें संस्कृतका हिस्सा सबसे बड़ा है। विशाल संस्कृत साहित्यका मंथन करके अुसमें से चौदह नहीं बल्कि चौदह हज़ार रत्न अपनी देशी भाषाओं में हमें लाने चाहिये, और अिस विरासतकी सुगंध हमारे तमाम लेखोंमें महकनी चाहिये।

साहित्यकी अुत्तम तैयारी साहित्य-विवेचनसे नहीं बल्कि सर्वश्रेष्ठ साहित्यके गहरे अध्ययनसे हो सकती है। साहित्य-विवेचन अुचित मात्रामें और बहुत देरसे आना चाहिये, वरना अभिप्राय और अभिरुचि असमय ही परिपक्व होते हैं।

और साहित्यका सर्जन तो विवेचनमें से हरगिज़ नहीं होना चाहिये। साहित्यके लिये जबर्दस्त सिसृक्षा और दूसरोंके साथ गहरा विचार विनिमय करने की आतुरता प्रधान प्रेरणा हो सकती है। माताका अपने बालकों के प्रति प्रेम, पतिपत्नीका अेक दूसरे के प्रति अनुराग

और गुरुशिष्यों के बीच का भक्तिवात्सल्य ये भावनाअें जितनी अुत्कट होती हैं अुतनी ही साहित्य सिसृक्षाकी वृत्ति भी अुत्कट और अदम्य है। यह सिसृक्षा अगर शुभ परिणामी न हो तो अुसे पागलपनकी ही अुपमा दी जा सकती है। साहित्य आज जितना सस्ता हुआ है और बे समझेबूझे जितना ख़राब किया गया है अुतना अगर वह ख़राब न किया गया होता तो साहित्यने भारीसे भारी परिणाम दिखा दिये होते। शुभंकर साहित्य आत्माकी अमृतकला है, क्योंकि वह चैतन्यकी प्रेरणा है।

साहित्यकी सिसृक्षा और अुसका केवल आस्वाद लेनेकी रसिकता यह दो चीजें बिलकुल अलग अलग हैं। यह नहीं कहा जा सकता कि केवल रसिकतामेंसे सिसृक्षा पैदा होगी ही। सिसृक्षा स्वतंत्र प्रेरणा है। साहित्यकी सिसृक्षामें तमाम सिसृक्षाओंके लक्षण दिखाअी देते हैं। जिस तरह बाल-विवाह ख़राब है अुसी तरह छोटी अुम्रमें जल्दी जल्दीमें किया हुआ साहित्यसर्जन ख़राब है। दोनों में बड़ी अुम्र तक ब्रह्मचर्य यानी वीर्यरक्षा आवश्यक है। दोनों में तुलना करनी ही हो, तारतम्य निश्चित करना हो, तो 'वीर्यपातकी अपेक्षा वाक्‌पात अधिक अुग्र होता है।' अिस पुराने वचनको नये अर्थमें साहित्य पर भी चरितार्थ किया जा सकता है। यह कहना मुश्किल है कि साहित्य जैसी मंगल वस्तुमें मर्यादा किस तरह रखी जाय। फिर भी अितना तो समझ ही लेना चाहिये कि अतिसेवन ख़राबी पैदा किये बिना नहीं रहता। अतिसेवनसे शायद संस्कारिताकी चमक आ सकती है लेकिन तेज तो कभी नहीं आ सकता।

कुछ साहित्यवीरोंको हम अखंड सर्जन करते देखते हैं। यह अखंड साहित्यसृष्टिका अधिकार जीवनवीरों तथा ज़िन्दा मिशनरियों का ही है।

अध्ययनकालमें मराठी, संस्कृत और अंग्रेज़ी साहित्यके अुत्कृष्ट ग्रंथोंका असर मुझपर पड़ा। रवीन्द्रनाथ ठाकुर का साहित्य और गांधी–साहित्य तो अुसके बाद आये। अिन दोनों राष्ट्र–पुरुषोंकी विभूतियाँ भिन्न भिन्न हैं। दोनों की साधनाअें अलग अलग हैं। लेकिन दोनोंके साहित्यका गहरा अध्ययन करने पर यह बात साफ़ हुअे बिना नहीं रहती कि दोनोंका दर्शन क़रीब क़रीब अेक-सा ही है। आधुनिकोंमे भांडारकर, रानडे, स्वामी विवेकानन्द, भगिनी निवेदिता, लाला हरदयाल, आनन्दकुमार स्वामी, बाबू बिपिनचन्द्र पाल, अरविन्द घोष, रवीन्द्रनाथ ठाकुर और गांधीजी-अितनोंका प्रभाव मुझपर अधिक से अधिक पड़ा है अैसा मैं मानता हूँ। आश्चर्य यह है कि मैं लोकमान्य तिलकजीका भक्त होते हुअे भी और अुनके आन्दोलनमें शरीक होने पर भी अुनके साहित्यका मुझपर बहुत ही कम असर पड़ा। अुसमें कुछ न कुछ अैसा है जिससे मैं अुनका साहित्य हज़म न कर सका। अंग्रेजी साहित्यके बारेमें यहाँ कुछ भी लिखनेकी अिच्छा नहीं है। मैं अितना ही कह सकता हूँ कि अंग्रेजी साहित्यके प्रति मेरे मनमें गहरा आदर है, हालाँकि अुस साहित्यका सेवन तो मैं बहुत कम कर सका हूँ।

कवि हों या गद्यलेखक, अुन्हें जीवनका गहरा अध्ययन या दर्शन होना चाहिये और आजकल तो साहित्यकारके लिये मनोविज्ञान, समाज-विज्ञान, भौतिकविज्ञान और धर्मशास्त्रका विस्तृत अध्ययन करना ज़रूरी है। इस आदर्श तक जो पहुँचे हैं अुन्हींका साहित्य समाजपर गहरा असर कर सकता है। विवेकानन्द, निवेदिता, रवीन्द्रनाथ और गांधीजी मुझपर जो इतना प्रभाव डाल सके अुसका यही कारण है। अुनके साहित्यने मुझे जीवन में प्रेरणा दी, हृदयको सांत्वना दी, और अुज्वल भविष्यकी झलक दिखलायी।

अितिहासकारोंका भी मुझपर गहरा असर होना चाहिये था। लेकिन जैसा अितिहास मैं चाहता हूँ वैसा अितिहास मैंने नहीं देखा है। मेरी रायमें जो त्रिकालज्ञ हो वही यथातथ्य अितिहास लिख सकता है।

✤ ✤ ✤

मेरे विचारसे हमारे देशके लिये रामायण ओर महाभारत अत्यंत पौष्टिक खुराक हैं। दोनों अलग अलग चीज़ें हैं। सिर्फ़ रामायणसे काम नहीं चलेगा। सिर्फ़ महाभारतसे भी काम नहीं चलेगा। यह दोनों संक्षेपमें भी नहीं पढ़े जा सकते, वह पूरे के पूरे ही पढ़े जाने चाहिये। साथही साथ अुपनिषद, योगसूत्र और मनुस्मृति पढ़ी जायँ तो हमारी बहुत कुछ तैयारी हो जायगी। अुसमें भी गीता पढ़नेके बाद ही अुपनिषदोंका अध्ययन होना चाहिये। अमेरिकन लोगोंके लिये जो स्थान कोलंबसका है वही स्थान हमारी संस्कृतिमें अुपनिषद के आत्मवीरोंका है। हमारे साहित्य में अुपनिषद की कंडिकाओं और पालीभाषाके बौद्ध संभाषणोंको सभी तरहसे हमारा मूलधन कहा जा सकता है। अुनके अन्दर ही हमें अपनी संस्कृति की गंगोत्री मिल जाती है। अुनमेंसे प्राप्त होनेवाले जीवनदर्शनको अद्यतन करनेके लिये अुसमें भौतिकविज्ञान, संपत्तिशास्त्र, और समाजविज्ञान इन तीनों को जोड देना चाहिये।

साहित्यका विचार करते समय मुझे अैसा लगता है कि संस्कृत साहित्य के साथ अीरानका फ़ारसी साहित्य, प्राचीन यूरपका ग्रीक साहित्य और पूर्वकी तरफ हमारे लिये लगभग अज्ञात जैसा चीनी साहित्य–अिन सभी साहित्योंका गहरा अध्ययन होना चाहिये। प्राचीन संस्कृतिके अध्ययन के बिना अिस बातका पता न चलेगा कि आधुनिक कालकी ताकतें कितनी हैं, कैसी हैं और अुनका वीर्य कहाँ-तक पहुँच सकता है। हमारे यहाँ जितना अध्ययन अंग्रेजी साहित्यका

हुआ करता है अुतनाही अध्ययन जर्मन साहित्यका भी होना जरूरी है। लेकिन अुस बारेमें हम अभी तक लापरवाह हैं। यूनिवर्सिटियाँ अपने पाठयक्रम द्वारा जितना कुछ खिलायेंगी अुतना ही खा लेनेकी हमारी शिशुवृत्ति अभी नहीं गयी है। और जितना खाया जाता है अुतने का लाभ अपनी भाषाको देनेका फ़र्ज़ भी बहुत कम विद्वान अदा करते हैं।

इस संबंधी अेक छोटीसी घटना मुझे बहुत महत्वकी लगी है। बम्बअी सरकार ने अेक बार बम्बअी यूनिवर्सिटीसे पूछा था, कि 'संस्कृत के अध्ययनके लिये अगर हम कालेज खोलें तो क्या आप अुस कालेजके विद्यार्थियों को यूनिवर्सिटीकी अुपधियाँ देनेको तैयार हैं?' अुस वक्त यूनिवर्सिटीमें जो चर्चा अिस बारेमें हुअी अुसमें हमारे प्रिन्सिपाल परांजपेजीने अपनी यह राय जाहिर की कि 'यदि संस्कृतके साथ कुछ नहीं तो प्रीवियस ( फर्स्ट अीयर आर्टस ) जितना अंग्रेजीका ज्ञान होगा तभी हम अुपाधि देनेका विचार करेंगे' और अुसमें भी अुन्होंने अिस बात पर जोर दिया कि 'संस्कृत सीख लेने के बाद अगर विद्यार्थी अंग्रेजी सीखने जाय तो वह नहीं चलेगा। अंग्रेजी विद्याके संस्कार हो जानेके बाद अगर कोअी संस्कृत सीख ले तो हमें अेतराज नहीं है।' अुनका विचार अुलटा था मगर आग्रह सकारण था। हमने अपने यहाँ शिक्षा के गर्भादानमें ही अंग्रेजी के संस्कार कराके अपनी विद्याको निःसत्व और हीनश्रद्ध बना दिया है। विद्यासंस्कारका प्रारंभ अगर स्वकीय भाषा और स्वकीय संस्कृति से ही न किया जाय तो हमारे लिये किसी भी प्रकार की अुम्मीद नहीं है। अैसा तो कुछ नहीं है कि जो अपना अपना धर्म छोडते हैं वेही सिर्फ परधर्ममें जाते हैं। स्वधर्म और स्वभाषा के संस्कारों से अगर बाल्य काल वंचित रहे तो अुसके जैसी हानि दूसरी कोअी भी नहीं है।

हमारे गठन में पहले स्वभाषा तथा अुसका साहित्य और अुसके साथ ही तथा अुसके द्वारा ही संस्कृत के संस्कार भी मिलने चाहिये। अुसके बाद राष्ट्रभाषा–जिसके द्वारा संस्कृत व पर्शियन दोनों का पूरा खमीर हमें मिलना चाहिये। अितनी तैयारी के बाद दूसरी चाहे जो भाषा और अुसका साहित्य ले लिया जाय तो वह पोषक ही होगा।

जहाँ भारतवर्षकी साधना सर्वसमन्वयकारी है हमारी यूनि-वार्सिटियोंने लगभग ऐसा प्रबन्ध कर रखा है कि जो संस्कृत पढ़ें वह फ़ारसी पढ़ ही न सकें और जो फ़ारसी पढ़ें अुन्हें संस्कृतसे विमुख ही रहना पड़े। केवल हिन्दुस्तानीके द्वारा ही हम गंगायमुना जैसी अिस सुरअसुरकी संस्कृतिका मेल करा सकते हैं। जिन्हें साहित्यके संस्कारोंको सर्वांगसुन्दर बनाना है अुन्हें संस्कृत और फ़ारसी दोनों साहित्योंके अुत्कृष्ट ग्रंथोंके अनुवाद हिंदुस्तानीमें कराने चाहिये और अैसा प्रबन्ध करना चाहिये कि वह दोनों लिपियोंमें अुपलब्ध हों। अिन दोनोंका जब अेकसाथ सेवन होगा तब हमारे साहित्यसर्जनमें अेक नया ही तेज आ जायगा।

२

पाठक देखेंगे कि 'जीवन भारती'में आया हुआ यह संग्रह फुटकर है। अैसे कालमें यह सब लिखा गया है जब कि मेरे शिक्षाविषयक प्रयोग चल रहे थे और साहित्य द्वारा शिक्षा देनेकी श्रद्धा कम हो गयी थी। अिसमेंसे कुछ तो मनोविनोदके लिये ही लिखा हुआ है, कुछ आग्रहके वश होकर लिखा है और कुछ खास खास अवसरोंपर लिखा है। अिसलिये अिसमें अैसा फुटकर चिन्तन बुना हुआ है जो अनायास आ सके। पिछले बीस बरससे साहित्यिक प्रवृत्तिके प्रति मैं अुदासीन

ही रहा हूँ। शिक्षाके काम से प्राप्त की हुअी फुरसतके वक्त यह सब लिखा गया है। अिसे स्कूलसे भाग जाने वाले विद्यार्थियोंके घुमक्कडपन जैसा स्वच्छन्द विहार समझा जा सकता है।

पुस्तकपरीक्षण या समालोचनाके विषयमें मेरे कुछ निश्चित विचार हुअे हैं। पुस्तकपरीक्षण ज्यादातर साहित्यकी दृष्टिसे होना है जो कि मुझे अुचित नहीं लगता। कलात्मक दृष्टि महत्वकी ज़रूर है, मगर वह साहित्यका सर्वस्व नहीं है। जीवन-दृष्टिसे ही साहित्यका परीक्षण होना चाहिये। धर्मशास्त्रकी दृष्टि, सामाजिक शिष्टाचारकी दृष्टि और कलाके तंत्रकी दृष्टि-तीनों अेकांगी हैं। मैं मानता हूँ कि अिन तीनोंको मिलाकर जीवनकी दृष्टिसे साहित्यका परीक्षण करने का नया ढंग पैदा करना चाहिये। मुझे अिस बातका दुख है कि अपने विचारके अनुसार मैं यह काम न कर सका। अब भी अगर बीमार पड़कर मैं पंगू हो जाअूँ तो संस्कृत, पाली, मागधी, ग्रीक, फारसी, चीनी और जर्मन साहित्य खूब गहराअी में पैठकर पढ़नेकी अिच्छा है। और वैसा करनेके बाद जीवनदृष्टि अेकाग्र करके अगर मैं साहित्यपरीक्षण लिख सका तो अपने स्वप्न जगत् की परीक्षण-पद्धतिकी झलक देख और दिखा सकूँगा।

कुछ लोग कहते हैं कि आधुनिक साहित्यकारोंमें प्राचीनोंसे अूँचा कोअी भी नहीं है। मैं अुनसे सहमत नहीं हूँ। सत्ययुग सिर्फ़ भूत-कालमें ही था अिस तरहके विश्वासका पोषण लोग करते हैं अिसी लिये अैसी विपरीत मनोदशा दिखाअी देती है। आधुनिकोंमेंसे भी कुछ लोग भव्य साहित्यका निर्माण कर सके हैं, और साहित्यसेवक जैसे जैसे रसास्वाद परायण न होकर जीवनपरायण होते जायेंगे वैसे वैसे साहित्यमें अनन्त जीवनानुभव और अनिरुद्ध जीवनविहार पाये जायेंगे।

हमारा जमाना पतित होनेपर भी अुसीमें से अद्भूत निर्मिति का सूचन होने लगा है। हिन्दकी आत्मा जागृत हुअी है। अभी तो वह

भले-बुरे सभी संस्कार ले लेती है, लेकिन यथासमय अुसे अुसमेंसे ग्राह्याग्राह्य विवेक करना आ जायगा। हमारा समाज जैसे जैसे प्रयोगवीर होता जायगा वैसे वैसे अुसे शुभ दृष्टि मिलती जायेगी और अुसमेंसे अुसे भारतवर्षका मिशन मिल जायगा। असे प्रयोगवीरोंको ही स्वतंत्रता काम आती है। प्रयोगवीरोंमें ही निश्चयात्मक और तेजस्वी साहित्य प्रस्फुरित होता है। प्रयोगवीरों को ही भूतकाल का बोझ हलका लगता है और भविष्यकाल भयानक लगनेके बदले आकर्षक और अुज्ज्वल मालूम होता है। प्रयोगवीर ही मौलिक साहित्यका निर्माण कर सकते हैं और अुसके द्वारा सर्वोदय साध सकते हैं।

वर्धा :
२८।१०।३७

⁂

# : : : पुराने खेतकी नयी जुताअी

अेक बूढ़े आदमीने अपने अन्त-समय पर अपने लड़कोंसे कहा कि अुनके खेतमें कुछ गहराअीपर धन गड़ा हुआ है। लड़कोंने सारा खेत खोद डाला मगर वह धन न मिला। लेकिन अुस साल फसल अितनी अच्छी आयी कि अुसके सामने गड़ा हुआ माल मिलता तो भी वह नगण्य मालूम होता। गहरी जुताअीका फल मिल गया।

सामान्य लोग विचारक्षेत्रमें जबतक अूपर-अूपरसे ही हल चलाते हैं तबतक सामाजिक जीवन प्राकृत और क्षीण रहता है। अूपरक्षीण रहता है। जब जब 'धीर' लोगोंने अुक्त बूढ़े के लड़कोंकी तरह खूब गहराअीतक खोदा है तबतब विचार की अपूर्व फसल आयी

है। श्रीकृष्णजीने अेकबार अैसा किया था। अुसीसे भारतीय विचार-सागरमें अितना ज्वार आया। बुद्ध भगवानने अैसा कोअी भी प्रमाण मान लेने से अिन्कार किया जो आत्मप्रतीतिसे भिन्न हो, जिसके परिणामस्वरूप आर्य संस्कृतिकी ज्ञानाग्निपर जमी हुअी राख अुड़ गयी और आर्य विचार-राशि जगमगा अुठी। फ्रान्सके डिडेरो और दूसरे विश्वकोष–लेखकोंने विचारक्षेत्रको खोदखादकर यह देख लिया कि मनुष्य–समाज कौनकौनसे तत्त्वोंपर आधारित है। और तब यूरपमें क्रान्ति होकर आम वर्ग स्वतंत्र हो गया। मार्टिन ल्यूथरने अपने समयकी धर्म 'व्यवस्था'को आगमें झोंक दिया जिससे समाजधर्मकी गंदगी साफ़ होकर स्वाभाविकता प्रतिष्ठित हो गयी। अिस तरह जब जब मनुष्य अंधपरंपराको फेंक दे कर छोटे मोटे हरेक पदार्थसे 'कोऽसि ? तस्मिंस्त्वयि किं वीर्यम्-?' अैसा सवाल पूछनेकी हिम्मत करता है तब धर्म-संस्करण होता है, जनतामें नया बल आ जाता है, विद्वानोंको नयी दृष्टि प्राप्त होती है और अिस दृष्टिका असर चौदह विद्या और चौसठ कलाओंपर पड़ता है।

आज हिन्दुस्तानमें अिसी तरहकी तत्त्वजिज्ञासा, धर्मजागृति और कर्म-विचिकित्सा सुलग अुठी है। प्रत्येक वस्तुका रहस्य हम खोजते हैं, जीवनका परम रहस्य नये सिरेसे जान लेते हैं और अुसे आचरणमें लाना चाहते हैं; नयी समाजव्यवस्था और नयी आचारविधियों द्वारा हम अुसे समाजमें दाखिल करना चाहते हैं और यह नया प्राण लेकर हम विचारकी दुनियापर शुद्ध व सात्त्विक दिग्विजय प्राप्त करना चाहते हैं।

आज कृष्ण और शंकराचार्य, बुद्ध और महावीर, चैतन्य और नानक, मेसाया और महादी, सभी नये नये अवतार लेनेवाले हैं, नये स्वरूप धारण करनेवाले हैं, शायद वह अेकरूप भी होंगे,

शायद अेक ही व्यक्ति अनेक रूप धारण करेगा; क्यों कि हम विचार-सागरको आन्दोलित करनेकी हिम्मत और कोशिश कर रहे हैं।

✤ ✤ ✤

# सौन्दर्यका मर्म

साहित्य की भाषा मानो अेक बर्तन है। साहित्यका मूल्य अिस बातसे निर्धारित होता है कि हम अुस बर्तनमें किस क़िस्मका माल भरना चाहते हैं।

कुछ लोग समझते हैं कि साहित्यकी सारी कल्पना अुसके रूप और सौन्दर्यपर रची हुआी है। कोआी भी विचार या कल्पना अगर आकर्षक रूपमें रखी हुआी हो, अुसमेंसे चमत्कृति पैदा होती हो तो वह साहित्य है। भारी से भारी मूल्यवान विचार या अनुभव और आसमानतक अुड़नेवाली कल्पना अगर रोचक रूपमें न रखी गयी हो तो अुसे हम साहित्य न कहेंगे। अुसे दर्शन कहो, धर्मशास्त्र कहो या सन्तवाणी कहो। अुसे आप साहित्य नहीं कह सकते।

अिसके विपरीत अगर कोआी विचार बिलकुल मामूली हो, कल्पना छिछली हो, आदर्श हलका और समाजविनाशक हो, लेकिन अगर वह मनोरंजन करता हो और अुसका स्वरूप चित्ताकर्षक हो तो वह अुच्च कोटिका साहित्य कहा जायगा। मनोविनोद, चित्ताकर्षण और रूपलावण्य ही साहित्यका प्राण है।

अिसमें कोआी शक नहीं कि कोआी भी वाग्व्यापार अगर चित्ताकर्षक रूपमें पेश न किया गया होता तो हम अुसे सरस साहित्यके तौरपर नहीं पहचानते, लेकिन अगर अुस साहित्यमें आया हुआ

विचार हीन हो, अनुभव छिछला हो, और कल्पना सड़ी हुअी हो तो सिर्फ़ रूपपरसे ही हम अुसे अुत्तम साहित्य नहीं कहते।

अब ज़रा रूपका स्वरूप जाँच लें। कोअी भी युवक अथवा युवति शरीर और मनसे नीरोग हो, व्यायाम, संयम तथा प्रसन्नतासे अुसने अपने यौवनकी अच्छी रक्षा की हो तो अुसमें आप ही आप अमुक मात्रामें सौन्दर्य आही जाता है। यह सौन्दर्य साबुनसे, तरह तरहके खुशबूदार तेलोंका अिस्तेमाल करनेसे या नये ढंगके अनेक रंग और दवाइयाँ लगानेसे नहीं आ सकता। आरोग्य और यौवन स्वयं ही सुन्दर होता है। सुन्दरता और आकर्षकता अुसकी सहज सुवास होती है। लेकिन अिसके विपरीत अगर शरीर बीमार हो, मन विकृत हो, स्वभाव स्वार्थी, चिड़चिड़ा या अहंप्रेमी हो और यह सब छिपानेके लिये कपड़ोंकी सजावट, शिष्टाचारकी तमीज़ और हालचालके नाज़ व नखरों द्वारा सौन्दर्य लाया गया हो तो कुछ भूखे लोग अुस चमक-दमकसे भले ही आकर्षित हो जायँ, लेकिन जानकार, स्वच्छ अभिरुचि रखनेवाले लोग यह सारा प्रयास देखकर दुखी ही होंगे, अुनके मनमें ग्लानि ही पैदा होगी।

साहित्यका भी अैसा ही है। साहित्य जीवनका प्रतीक है। जीवन अगर नीरोग, प्रसन्न, सेवापरायण, प्रेमपूर्ण और पराक्रमी होगा तो अुसके सभी व्यापार आकर्षक और प्रभावशाली होंगे। जिस विचारमें आर्यता है, अुदात्तता है, सर्व मंगलकारी कल्याण की भावना है अुसका शब्दशरीर आप ही आप भाव-गंभीर, ललित-कोमल और प्रसादपूर्ण होगा। अुच्च साहित्य सुन्दर होता ही है, लेकिन सजधज करनेसे कोअी साहित्य अुच्च या शिष्ट नहीं होता।

अिसलिये केवल साहित्यकी अुपासना करने के बजाय अगर हम आर्य और प्रसन्न जीवनकी अुपासना करें तो साहित्यकी सुन्दरता

स्वयं ही फूट निकलेगी। वृत्तिकी आर्यता ही शिष्टाचार या तमीज़ की आत्मा है। निरा शिष्टाचार हास्यास्पद होता है या दिलको अकुता देता है। खोखली सौन्दर्योपासना अिससे अन्य कोअी असर पैदा नहीं कर सकती।

जिस साहित्यमें प्रगतिशील जीवनकी प्रेरणा अथवा प्रतिध्वनि हो वह साहित्य प्रगतिशील है। अैसे साहित्यमें और सब कुछ हो या न हो, अनुकरण तो हरगिज़ नहीं होना चाहिये। दूसरा कुछ हो या न हो, अुद्देश्यका अभाव तो कभी नहीं होना चाहिये।

जून १९३७

# साहित्यसेवा

मैं साहित्यसेवी नहीं हूँ; साहित्योपासक भी नहीं हूँ। हाँ साहित्यप्रेमी जरूर हूँ। मैंने साहित्यका आस्वाद लिया है। अुसका असर मुझपर हुआ है। मैंने देखा है कि अुत्कृष्ट साहित्य बुद्धिको प्रगल्भ बनाता है, भावोंको सूक्ष्म बनाता है, अनुभवको धुनकर विशद करता है, धर्मबुद्धिको जागृत करता है, हृदयकी वेदनाको व्यक्त और तेजस्वी बनाता है, सहानुभूतिकी वृद्धि करता है और आनन्दको स्थायी बनाता है। अिस वजहसे साहित्यके प्रति मेरे मनमें आदर है। लेकिन मैंने अपनी निष्ठा साहित्यको समर्पित नहीं की है। साहित्यको मैं अपना अिष्ट देवता नहीं मानता। साहित्यको मैं साधनके तौरपर ही स्वीकार करता हूँ, और वह साधनके तौरपर ही रहे अैसा—अगर आप मुझे माफ़ करें तो कहूँ कि—मैं चाहता भी हूँ। गोस्वामी तुलसीदासजीके मनमें हनुमानजीके प्रति आदर था लेकिन अुनकी निष्ठा तो श्रीरामचन्द्रजीके प्रति ही थी।

अिसी तरह मैं चाहता हूँ कि हमारी अुपासना जीवनकी ही हो। साहित्य तो जीवनरूपी प्रभुकी सेवा करनेवाले अनन्यनिष्ठ भक्तके स्थानपर ही शोभा देता है। वह जब अपनी ही अुपासना शुरू करता है तब वह अपना धर्म भूल जाता है। मनुष्य अगर अपने ही सुखका विचार करे, अपनी ही सहूलियतोंकी खोजके पीछे अपनी बुद्धि खर्च कर डाले और अपने ही आनंदमें स्वयं रममाण-मशग़ूल हो जाय तो जिस तरह अुसका जीवनविकास अटक जाता है और अुसमें विकृति पैदा होती है, अुसी तरह साहित्यके बारेमें भी होता है। जब 'केवल साहित्यके लिये साहित्य' का निर्माण होता है, यानी लोग जब साहित्यकी केवल साहित्यके तौरपर ही अुपासना करते हैं तब शुरूमें तो यह सब खूबसूरत दिखाअी देता है, विशेष आकर्षक लगता है, जब तक अुसकी पूर्व-पुण्याअी खत्म न हो तब तक असा भी महसूस होता है कि अुसका बहुत विकास हो रहा है, लेकिन अंदरसे वह निःसत्त्व होता जाता है। साहित्यको अुसका पोषण साहित्यमेंसे नहीं बल्कि जीवनमेंसे, मनुष्यके पुरुषार्थमेंसे मिलना चाहिये। साहित्यमेंसे ही पोषण प्राप्त करनेवाला साहित्य कृत्रिम है, वह हमें आगे नहीं ले जा सकता।

अिस तरहके कुछ कुछ संकुचित या तंग विचार मैं रखता हूँ। अिसलिये 'केवल साहित्य' के अुपासकोंसे मैं डरता हूँ। अुनका देवता अलग है, मेरा देवता अलग। लेकिन साहित्योपासक बहुत अुदार होते हैं। हालाँकि मैं साहित्योपासक नहीं हूँ, फिर भी वह अिस बात को स्वीकार करते हैं कि 'अविधिपूर्वकम्' ही क्यों न हो, लेकिन मैं साहित्यका यजन करता हूँ, और मैं 'श्रद्धयान्वित' हूँ। अतः साहित्यके विषयमें अपने कुछ विचार आप लोगोंके सामने पेश करनेकी धृष्टता मैं कर रहा हूँ। आप सबकी अुदारतापर मुझे विश्वास है।

मनुष्यके विचार, अुसकी कल्पनाअें, भावनाअें, भावुकताअें अथवा भावुकताप्रधान अनुभव दूसरोंके सामने परिणामकारक तरीकेसे व्यक्त करनेकी शक्ति जिस वस्तुमें है वह साहित्य है—यह मेरी अपनी साहित्यकी परिभाषा है। मुझे मालूम है कि तार्किक लोग अेक क्षणमें अुसको छिन्नभिन्न कर सकते हैं, लेकिन अपूर्ण मनुष्यकी बनायी हुअी परिभाषाअें अगर अपूर्ण हों तो अुसमें आश्चर्य क्या? जिसमें भावोंपर अनायास प्रभाव डालनेकी शक्ति है वह साहित्य है। सांसर्गिकता यानी छूतपन साहित्यका प्रधान गुण है।

यह प्रभाव अच्छा भी हो सकता है और बुरा भी। भावनाअें मनुष्य-जीवनका लगभग सर्वस्व होनेकी वजहसे अुनपर जिस वस्तुका प्रभाव पड़ता है अुस वस्तुकी तरफसे लापरवाह रहनेसे काम नहीं चलता। हवा, पानी, खुराक वगैरा शुद्ध रखनेका आग्रह जिस तरह हम रखते हैं या हमें रखना चाहिये अुसी तरह बल्कि अुससे भी ज्यादा आग्रह हमें साहित्यकी शुद्धिके सम्बन्धमें रखना चाहिये। शील की तरह साहित्यकी रक्षा जहाँ की जाती है वहाँ जीवन पवित्र, प्रसन्न और पुरुषार्थी होगा ही। अुच्चारणशुद्धि, हिज्जोंकी शुद्धि, व्याकरणकी शुद्धि आदि प्राथमिक बातोंसे लेकर साहित्यके प्रत्येक अंगप्रत्यंगमें शुद्धिका आग्रह होना चाहिये। लेकिन अुसमें कृत्रिमता न आये, बाह्याडंबर न आये, दंभ न आये, कर्मकांड न आये।

निर्व्याज मुग्धता शुद्धिका अेक पहलू है और संस्कारिता दूसरा पहलू। दोनों तरहसे शुद्धिकी रक्षा की जाती है। लेकिन अगर हम शिथिलताके ही हामी बन जायँ और हर तरहकी विकृतिको भी नजरअंदाज करनेको तैयार हो जायँ, अगर सामाजिक जीवनमें सदाचारका और साहित्यमें शुद्धिका थोड़ा भी आग्रह रखनेका जो कोई प्रयत्न करेगा अुसके खिलाफ आवाज़ बुलन्द करके अुसे चुप

करनेकी कोशिश करें तो अुससे समाजका पारावार नुकसान होनेवाला है। सामाजिक जीवनमें हो या साहित्यमें, शुद्धि रखनेकी जिम्मेदारी विशिष्ट श्रेष्ठ वर्गकी ही होती है। पुलिस या अदालतोंके ज़रिये सामाजिक सदाचारका सर्वोच्च आदर्श नहीं टिक सकता। साहित्यकी भी यही हालत है। समाजके स्वाभाविक अगुआ जब शिथिल हो जाते हैं, भीरु हो जाते हैं अथवा अुदासीन हो जाते हैं तब समाजको बचानेवाली कोअी भी शक्ति नहीं रहती।

साहित्यकी प्रवृत्ति हमेशा समाजसेवाके लिये ही होती हो सो बात नहीं। मानसिक आनंद, सन्तोष, झुंझलाहट या व्यथा को प्रकट करनेकी, शब्दबद्ध करनेकी जो सहजप्रवृत्ति मनुष्यमें है अुसमेंसे साहित्यका अुद्गम होता है। संगीतकी तरह साहित्यका आनन्द भी मनुष्य अकेले अकेले ले सकता है; फिर भी तमाम वाग्व्यापार सामाजिक जीवनके लिये ही हैं। साहित्यकी प्रवृत्ति प्रधानतया अपने भावप्रधान मनन अथवा अुद्गारोंको दूसरेमें संक्रान्त करनेकी अिच्छासे हुआ करती है। अिसलिये यह कहा जा सकता है कि साहित्य प्रधानतया सामाजिक वस्तु है। जीवनकी सभी अच्छी चीजोंकी तरह सच्चा साहित्य आत्मनेपदी भी होता है और परस्मैपदी भी। मनुष्यके सर्वोच्च सद्गुण अुसके सामाजिक जीवनमेंसे पैदा होते हैं। और तो और, अनन्यनिरपेक्ष मोक्षेच्छा भी सबोंके साथ आत्मौपम्य अनुभव करनेके लिये ही है, यानी अुसका प्रारंभ और अन्त सामाजिक जीवनकी कृतार्थताके साथ ही है। साहित्यके बारेमें भी अैसा ही कहा जा सकता है। जिस तरह गायनके साथ तंबूरेकी आवाज़ साथ लिया ही करती है अुस तरह साहित्यके तमाम विस्तारमें जनहितका, लोककल्याणका सूर क़ायम रहना ही चाहिये। जो कुछ अिससे विसंवादी होगा वह संगीत नहीं बल्कि मानसिक कोलाहल है। वह साहित्य नहीं बल्कि मानसिक ज़हर है।

अेकबार हिन्दुस्तानके अैतिहासिक पुरुषोंकी सूचीमें मैंने श्रीमद् भगवद्गीताका नाम भी जोड़ दिया था। 'जिसके व्यक्तित्वकी छाप समाजपर अलग अलग समयपर अलग अलग ढंगसे पड़ती है और अिसलिये जिसके चिरंजीवीपनका अनुभव हमेशा होता रहता है वह है व्यक्ति अथवा पुरुष' अैसी परिभाषा की जाय तो हम यह मान सकते हैं कि भगवद्गीताको राष्ट्रपुरुष कहनेमें औचित्यका कोअी भंग नहीं है। साहित्यके बारेमें भी यही बात है। अेक या अन्य प्रकारसे सामर्थ्य प्रकट करनेवाले व्यक्तिका हृदयसर्वस्व होनेके कारण व्यक्तिके प्रभावकी तरह अुस व्यक्तिके साहित्यका भी प्रभाव हुआ करता है। प्रभु, मित्र या कान्ताके साथ साहित्यकी तुलना करनेवाले साहित्याचार्योंने यही बात दूसरे ढंगसे कही है। 'प्रभु'की जगह आज हम 'गुरु' शब्दको अधिक पसन्द करते हैं। गुरु, मित्र और जीवनसहचरी तीनों संबन्ध पवित्र हैं, अुदात्त हैं। साहित्यका बिरुद (टेक) अैसा ही होना चाहिये। सामाजिक व्यवहारमें हम चाहे जिस आदमी को घरमें घुसने नहीं देते। चोर, शठ, पिशुन या भुजंग की श्रेणीके लोगोंको हम देहली के अन्दर पैर नहीं रखने देते। साहित्यके अूपर भी हमारी अैसी ही चौकी होनी चाहिये। अपवित्र मनुष्य चाहे जितना शिष्टाचारी क्यों न हो, अुसे जिस तरह हम अपने बालबच्चोंके साथ बगैर किसी रोकटोकके मिलने-जुलने नहीं देते अुसी तरह पापाचरणको अुत्तेजन देनेवाले साहित्यको भी हमें अपने घरमें घुसने नहीं देना चाहिये। घरसे बाहरके व्यवहारमें जहाँ सभी क़िस्मके लोगोंके साथ सम्बन्ध आता है वहाँ अच्छी और ख़राब बातोंको परखनेकी कला जिस तरह हम अपने बालकों को प्रदान करते हैं और अतिप्रसंगी (ज्यादती करनेवाले) मनुष्यको दूर रखनेको सिखाते हैं अुसी तरह साहित्यमें भी दुष्ट साहित्यके हावभावोंमें न फँसकर अुसे दूर रखनेकी कला हमें अपने बालकोंको सिखानी चाहिये।

लेकिन मैं जानता हूँ कि आजकी हवा अिस तरहकी नहीं है। शिष्टाचारकी पुरानी बाड़ें तोड़नेका ही प्रयत्न हमने शुरू किया है। अुनके स्थानपर नये आदर्शकी नयी मर्यादाअें तैयार करनेकी हमें नहीं सूझी है। कृत्रिम या यांत्रिक वाड़ोंकी हिमायत मैं भी नहीं करता। लेकिन समाजहृदयमें कुछ न कुछ आदर्श तो होना ही चाहिये और अुस आदर्शकी रक्षा करनेका आग्रह रखनेवाले समाजधुरीण भी चाहिये। वे अगर अपना यह स्वभावसिद्ध कुलव्रत छोड़ दें तो संस्कृति कैसे टिक सकेगी? संस्कृति तो अँगीठीकी आगकी तरह जबतक हवा चलती है तभी तक टिकनेवाली चीज़ है। पुरुषार्थ और जागृतिकी चौकी के बिना अेक भी संस्कृति नहीं बची है। संस्कृतिको प्रकृतिके अूपर नहीं छोडा जा सकता। लेकिन आज तो अैसा ही लगता है कि मानो हम सामाजिक अराजकता ही पसन्द करते हैं। यह तो साफ जाहिर है कि पुरानी व्यवस्था अब नहीं टिक सकती, न टिकनी भी चाहिये। लेकिन पुरानीकी जगह नयी व्यवस्था रचने के लिये आवश्यक प्राणबल हमारे समाजमें होना चाहिये। कानूनके अंकुश की बात मैं नहीं करता। मैं तो अैसा ही मानता हूँ कि साहित्यपर कानूनका अंकुश कमसे कम होना चाहिये। सदाचारकी सर्वोच्च कोटिका विचार करके कानून नहीं चलता। कानूनकी आँखें स्थूल होती हैं, जड होती हैं और अुसके अुपाय असंस्कारी होते हैं। साहित्यपर अंकुश होना चाहिये लोकमतका। लोकमतका के मानी हैं संस्कारी, अुदार, चारित्र्यवत्सल समाजधुरीणोंका। अैसा कुछ करने के लिये आजका समाज तैयार नहीं है यह मुझे मालूम न हो सो बात नहीं। लेकिन यह कहना ही पड़ेगा कि अिससे समाज अपना ही नुकसान कर लेता है। 'नैको मुनिर्यस्य वचः प्रमाणम्' अिस दलील की आड में हम सारी मर्यादाओंको छेद अुडाना तो नहीं चाहते?

साहित्य है कलाकाही अेक विभाग। अिसलिये कलाके नियम अिसपर भी लागू किये जाते हैं। कलाके लिये ही कला है, कला कभी भी किसी बाह्य वस्तुके अंकुशको स्वीकार नहीं करेगी—अैसा कहनेवाले केवल—कलावादी लोग नीतिके अंकुशका हमेशा मज़ाक अुड़ाते आये हैं। 'स्वात्मनि अेव समाप्त महिमा' अिस तरहकी यह कला देखते देखते निरर्गल, स्वार्थी बन जाती है। और स्वार्थके साथ सत्त्व कब टिका है? Art for Art's sake (कला कलाके लिये) की परिणति Art for the Artist's sake (कला कलाकारके लिये) में हो जाती है।

मेरा यह आग्रह नहीं है कि कलाको नीतिका अंकुश स्वीकारना ही चाहिये। लेकिन अिसका कारण अलग है। साहित्यके पास अुसका अपना गांभीर्य, अपनी प्रसन्नता और पवित्रता क्यों न हो? हास्य-विनोद अिन तीनोंका कोअी विरोधी नहीं है। अितना ही नहीं बल्कि वह अिन तीनोंको अुच्च कोटिको पहुँचाकर दिखाता है। अगर साहित्य स्वधर्मका पालन करे तो अुसे नीतिका अंकुश स्वीकारना न पड़ेगा। साहित्य जब हीन अभिरुचि के या कला-शत्रु विलासिताके शराबखानेमें जा पड़ता है तब नीतिको लाचार होकर अुसे वहाँसे अुठाकर घर लाना पड़ता है। स्वराज्यमें या सुराज्यमें सदाचारी और स्वयंशासित नागरिकोंको नगररक्षकोंसे डरनेका कोअी कारण रहता ही नहीं।

लेकिन कला और साहित्य अेक ही वस्तु नहीं हैं। सुन्दरता साहित्यका भूषण है न कि सर्वस्व। साहित्यका सर्वस्व, साहित्यका प्राण ओजस्विता है, विक्रमशीलता है, सत्त्ववृद्धि है। जीवनके विविध क्षेत्रोंमें पौरुषकी वृद्धि करनेमें ही साहित्यकी अुन्नति रही है।

क्या विषयसेवन समाजमें अितना क्षीण हो गया है कि विलासप्रेरक

मुगल कालमें अुर्दूकी प्रतिष्ठा बढ़ी और अरबी, फारसी भाषाओंसे कवियोंको प्रेरणा मिलने लगी। अंग्रेजी जमाना शुरू हुआ और अपनी सारी मानासिक खुराक अंग्रेजीसे लेनेकी हमें आदत पड़ गयी। अुसका अच्छा और बुरा दोनों तरहका असर हमारी मनोरचनापर पडा है; साहित्यपर तो पडा ही है। आजकलके हमारे अखबार और मासिक-पत्रिकाअें नये जमानेके विचार फुटकर भावसे बेचनेका काम करने लगी हैं। लेकिन अिन तीनों युगोंमें गरीब श्रेणीके लोगोंके लिये, देहातियों और मजदूरों के लिये, स्त्रियों और बालकों के लिये विशेष प्रयास नहीं हुआ है। अशिक्षित समाज में भी अुनका सामाजिक प्राण बहुत कुछ साहित्यका निर्माण करता है। हमारे संस्कारी देशमें साधुसन्तोंकी कृपासे अुसमें अमुक वृद्धि हुअी तो अिससे आश्चर्यान्वित होनेका कोअी कारण नहीं। लेकिन ज्यादातर मध्यम श्रेणीका ही विचार हम हमेशा करते आये हैं। हम यह भूल गये हैं कि गरीब लोगोंका जीवन सन्तोषमय, आशामय और संस्कारमय करना हमारा धार्मिक कर्तव्य है। कुछ अिनीगिनी कहानियोंको छोड़ दें तो हमारी कहानियों और अुपन्यासोंमें गरीबों के करुण काव्यमय जीवन का विचार भी नहीं होता। पुराणकारोंने जिस तरह अमृत, अप्सरा और अीर्ष्यासे भरे हुअे स्वर्गकी कल्पना की, अुस तरह आजकलके अुपन्यासकार अैसेही किसी बेकार आदमीकी कल्पना करते हैं जो वकील–बैरिस्टर हुआ हो, जिसने विलायतका सफर किया हो या वसीयतनामा से जिसको खूब पैसा मिला हो और अुसके आत्मनि संतुष्ट निरर्थक जीवनका सविस्तार वर्णन करते हैं। जातिभेद हमारे मनोरथोंमें भी अितना भरा हुआ है कि मध्यम श्रेणीके बाहरकी दुनियाको हम नहीं देख सकते। बिलकुल गरीब लोगोंका जीवन हमें दयापात्र किन्तु रहस्यशून्य लगता है। अीसपके अुस बारहसींगेकी तरह हम सिरपरके सींगोंके गरूरमें अपने पतले पैरोंका तिरस्कार करने लगे हैं;

या तिरस्कार करने जितना भी ध्यान हम अुनकी तरफ नहीं देते। कर्म और पुनर्जन्मके सिद्धान्तका आश्रय लेकर हम अपने अनाथ-द्रोहको ढँक लेते हैं, अनाथों की सेवा तो दूर रही, अुनका स्मरण तक हम नहीं करते। अंग्रेज कवि हूडके Song of the Shirt (क़मीज़ का गीत) की बराबरी कर सके अैसा मौलिक काव्य क्या किसीने लिखा है? अीसपके अुस बारहसींगेकी जो हालत अन्तमें हुअी वही हालत हमारी हमेशा होती आयी है। और अब तो विनाशकी घटाअें सिरपर मँडरा रही हैं। हमारा लोकप्रिय साहित्य हमारी सामाजिक स्थितिका सूचन करता है। जो कुछ दिलमें होगा वही होठोंपर आयेगा न? ग़रीबोंकी मुश्किलें कौन कौनसी हैं, अुनका दर्द-दुःख क्या है, अुनके सवाल कितने पेचीदा और विशाल हैं अिन सब बातों पर ज़िम्मेदारीके साथ विचार करके असली सवाल हल कर सके अैसी योजना जब होगी तभी ग़रीबोंके दिलोंमें कुछ आशा पैदा होगी न? जिसकी हम अैरण चुराते हैं अुसीको अगर दानमें छोटीसी सूअी देते हों तो वह लेते समय लेनेवालेके दिलमें कैसी भावना अुत्पन्न होगी? हमारा साहित्य अगर हमें अपना युगधर्म न बताये और अुस धर्म का पालन करने की प्रेरणा हमें न दे तो वह बाक़ी सब तरहसे सरस होते हुअे भी अुसे विफल ही कहना चाहिये।

ग़रीबोंको बाहर रखनेके लिये जिस तरह हम किवाड बंद करके खाना खाते हैं और पंक्तिभेद का प्रपंच रचते हैं अुसी तरह हमने साहित्यकी विशिष्ट कठिन शैलियों को अपनाकर ज्ञानकी प्याअू में ज्ञातिभेद पैदा किया है। अुदात्त, अुन्नत विचार आम जनताको जिस आसानीसे मिलने चाहिये वह नहीं मिल सकते। हमारे साधुसन्तोंने ग़रीबीका व्रत ले लिया था; अिसी लिये वह ग़रीबोंकी सेवा कर सके और ग़रीबोंके लिये प्राणपूर्ण साहित्य लिख सके। हिन्दुस्तानकी सबसे बड़ी ताक़त अुसकी जन संख्या है। लेकिन हमने ग़रीबोंका द्रोह करके अिसी

बलको भाररूप बना दिया है। जबतक हम ग़रीबोंके लिये साहित्य न लिखेंगे, हज़ारों की तादाद में बाहर निकलकर ग़रीबोंको हमारा अितिहास और आजकी हमारी स्थिति, हमारा काव्य और हमारा धर्म तथा अुसकी खूबियाँ न समझाअेंगे, अपने जीवन पर जमी हुअी राख हटाकर अुसे प्रदीप्त करने की प्रेरणा न देंगे तब तक हमारा साहित्य पंडुरोगी ही रहेगा।

साहित्यकी अुन्नतिके लिये तैयार होनेवाली योजनाओंमें कोष और सन्दर्भग्रंथ, अितिहास और विवेचन, पाठ्यपुस्तकें और प्रमाणग्रंथ, परिषदें और समितियाँ-बहुत कुछ बातें होती हैं। वह सब छोड़कर साहित्यके अुद्धारके लिये ग़रीब जनताकी सेवा करने की सूचना मैं कर रहा हूँ यह देखकर कुछ लोगोंको अैसा लगेगा कि मैं साहित्य-मंडलको समाजसुधार-परिषद समझनेकी भूल करके बातें कर रहा हूँ। मुझपर यह अिलज़ाम भले ही लगाया जाय लेकिन मैं तो निश्चित रूपसे यह मानता हूँ कि पेड़ को जिस तरह प्रधानतया ज़मीनमें से ही पोषण मिलता है, अुस तरह साहित्यका पोषण समाजमें ही है। मानवता और धर्मनिष्ठा में से ही हमारा साहित्य समृद्ध होनेवाला है अिसमें मुझे तनिक भी शक नहीं है।

अुल्लिखित आजकलकी योजनाओंको मैं नीचा दिखाना नहीं चाहता। अुनमें यथा शक्ति भाग भी लेना चाहता हूँ। लेकिन असली बातको भूल जानेसे काम न चलेगा।

जहाँ पुरुषार्थ की कमी हो जाती है और जीवनमें शिथिलता आ जाती है वहाँ साहित्यके बारेमें अल्पसन्तोष और रसिकताका छिछलापन स्वाभाविक रूपसे आ जाता है। आज हम महाकाव्य नहीं लिख सकते, हमारी प्रतिभा चौदह पंक्तियाँ किसी तरह पूरी करनेसे पहलेही सूख जाती है — अिस तरहकी आलोचना मैं नहीं करना

चाहता। काव्यकी लम्बाअी-चौड़ाअीपर मैं अधिक जोर देना नहीं चाहता। लेकिन हमारे काव्यविषय अुत्तुंग अथवा गंभीर नहीं हुआ करते, हमारे काव्यविवेचन सर्वंकश और अुत्कट नहीं हुआ करते अैसी आलोचना मैं जरूर करूँगा।

साहित्य तो ज्यादातर व्यक्तिगत प्रयास ही है। वह जबतक गंभीर और दीर्घ अुद्योगके परिणामरूप न होगा तब तक छिछला ही रहेगा। अीश्वरने असाधारण प्रतिभा प्रदान की हो तो भी वह शक्ति बीजरूप ही होगी। मनुष्यको कमसे कम मालीका काम तो अीमानदारीके साथ करना ही चाहिये। साहित्यमें सहयोग के साथ काम किये बिना भी न चलेगा। सहयोगके लिये जो सद्‌गुण आवश्यक हैं अुन्हें अपनेमें लाये बिना अब एक कदम भी आगे बढ़ना मुश्किल है! सिद्धान्तका आग्रह, स्वभाव भेदको नजरअन्दाज करनेकी शक्ति, तफसीलमें अुतरनेकी कुशलता और अेक ही संकल्पको लम्बे अर्से तक चिपके रहनेकी दृढ़ता–अिन सामाजिक सद्‌गुणोंका विकास अगर हम न करेंगे तो हमारे हाथों कुछ विशेष साहित्यसेवा हो ही न सकेगी।

यह तो हुअी साहित्यकी सेवा। किन्तु सच्चे साहित्यका निर्माण तो जनताके पुरुषार्थका ही फल है। 'कारभार ( कारोबार ) में दखल देनेकी अिजाजत न होगी तो करभार भी नहीं दिया जा सकता।' अिस जगविख्यात सूत्रके पीछे सिर्फ़ भाषासौष्ठव या अनुप्रासकी लज्जत नहीं है। अुसमें लज्जतकी अपेक्षा अमेरिकन जनताका पुरुषार्थ ही प्रमुख वस्तु है। साहित्यकी उन्नति जनताकी अुन्नतिके साथ ही होती है। आपके ज़िलेके किसानोंने गुजराती भाषामें जो वृद्धि की है वह अपनी दो-चार परिषदें भी न कर सकेंगी। 'हमने वल्लभभाअीके हाथों अपना सिर सौंपा है न कि नाक।' अिस वचनपर गुजराती जनताको हमेशा नाज़ रहेगा। 'हमारे खर्चेसे बन्दूकें और तोपें रखते

हैं मगर कभी दिखाते भी नहीं। हमारे बालबच्चोंको बन्दूकों और तोपोंका मजा चखवायेंगे तो हमारी औलाद तो सुधरेगी।' यह अेक ही वाक्य गुजराती भाषाको वीर्यशाली बनानेके लिये काफ़ी है। साबरमतीके किनारे गांधीजीने और बारडोली के खेतोंमें वल्लभभाओीने जिस भाषाको घड़ाया है वह भाषा अपनी स्वाभाविकतासे ही धीरोदात्त और प्रौढ़ बनी है। साहित्य तो जनताके पराक्रमका प्रसाद है। बूढ़ा मिशनरी टेलर हमसे कह गया है, 'यथा भापकस्त तथा भाषा'। साहित्यकी अुन्नति करनी हो तो अपने जीवनको अुन्नत करो। साहित्य जीवनकी छाया है, जीवनकी सुगंध है।

(ता. १५।९।१९२८ को सूरत-साहित्य-मंडलके वार्षिक उत्सव के अवसरपर दिया हुआ भाषण।)

# : : : : साहित्योपासना

कोअी परीक्षामें पास हो जाय, किसीके घर लड़का पैदा हो, किसीका बिछुड़ा हुआ भाअी फिरसे मिल जाय, या किसीको लाटरीमें अिनाम मिल जाय तो अुस खबरका तार लानेवालेको वह कुछ न कुछ अिनाम देता है। मालिक को तारका महत्त्व जितना अधिक होगा अुतनी मात्रामें तार लानेवालेके विषयमें अेक प्रकारकी अुपकार-बुद्धि-सी अुसके मनमें रहती है। और अिसलिये अच्छा-सा अिनाम देकर अिस अुपकारकी पूर्ति करनेकी वह कोशिश करता है। असलमें देखा जाय तो तार लानेवालेका अुपकार कैसा? तारका मजमून बनानेमें अुसका हिस्सा थोड़ा ही हुआ करता है? मानिआर्डर या पारसल लानेवाले डाकियेकी हालत भी अैसी ही है।

फिर भी आनन्दमूढ़ होना मनुष्यका स्वभाव है। लेकिन अिस मनुष्यस्वभावके कारण अिनाममें मिला हुआ पैसा जेबमें डालनेवाला डाकिया अगर अपनी ही बड़ाअी महसूस करने लग जाय तो अुसके जैसा मूरख वही है।

अध्यापककी कुर्सीपर बैठकर विद्यार्थियोंके सामने सुन्दर साहित्य परोसनेका काम जो लोग करते हैं अुनके प्रति भी अिसी तरहकी कृतज्ञताबुद्धि विद्यार्थियोंके मनमें रहा करती है। साहित्यक्षेत्रमें अच्छे अच्छे फल चुननेमें अध्यापककी कुशलता, सदभिरुचि और विद्यार्थिका कल्याण समझनेकी सद्बुद्धि-अिन सब बातोंको महत्त्व है अिसमें कोअी शक नहीं। लेकिन अगर अध्यापक अैसा गर्व करेगा कि अुन परिपक्व साहित्यफलोंको मानो अुसीने जन्म दिया है, तो अुसका वैसा करना हास्यास्पद होगा।

अैसा मानना, कि हमें जिस वस्तुसे आनन्द हुआ अुसी वस्तुका हमारे कहनेसे-आस्वाद लेकर दूसरा आदमी अुतना ही आनंदित हो जाय तो वैसा करके अुसने हमारे आनन्दको दुगुना बनानेमें मदद दी-यह अुसीका हमारे अूपर अुपकार है' शायद ठीक होगा।

⚜ ⚜ ⚜

जो हो, दुनियाकी तरफ़ देखनेकी दृष्टि और जीवनको अुन्नत बनानेका मार्ग जिस साहित्यमें विशद और सुभग ढंगसे व्यक्त हुआ हो वह साहित्य सिर्फ़ पढ़कर रहने देनेके लिये नहीं है; बल्कि अमृतमय रसायनकी तरह अुसका विधिपुरःसर आदर-युक्त सेवन करना पड़ता है। परन्तु जो अेक बार साहित्योपजीवी बन जाता है अुसे घी या खीर परोसनेकी दर्वी ( चमची ) की तरह सिर्फ़ परोसनेका आनन्द लेकर ही बैठे रहनेकी आदत पड़ जाती है। और वह अिसी बातका विचार करता रहता है कि वह मिठाअी किस तरह लोगोंके सामने परोसनेसे

परोसनेवालेको मिलनेवाली वाह वाह अुसको मिले। यह दर्वीव्रत निष्काम हो या सकाम, जीवनको अुन्नत करनेवाला तो हरगिज़ नहीं है।

साहित्य-अुच्च साहित्य-असलमें देखा जाय तो हृदयमें आभिजात्य उत्पन्न करनेका और जीवनको अुन्नत बनानेका अेक साधन-मात्र है। साहित्य का केवल प्रचार करनेकी अपेक्षा अुसे हज़म करके, अपना जीवन अुन्नत करके, सेवाद्वारा अुस जीवनकी सुगंधि फैलाकर समाजको और अपनेको कृतार्थ बनाना चाहिये। अैसी सेवा करते करते हमको भी किसी दिन सरस्वती वैखरीका अुपयोग करनेका मौक़ा मिल जाता है और हमारे हाथसे या मुखसे प्रसन्न साहित्यका निर्माण होता है। अिस ढंगसे होनेवाले साहित्यका प्रचार अपरिहार्य, सहज और शुभ-परिणामकारी होता है।

अच्छा साहित्य देखकर मनमें सिर्फ़ परोसनेवाले की वृत्ति जागृत नहीं होनी चाहिये; बल्कि 'अिष्टैः सह भुज्यतां' की प्राचीन आज्ञाके अनुसार या सामाजिक मनोवृत्तिसे अुसका सेवन करके अिष्टमित्रोंके साथ अपना जीवन अुन्नत और परिपुष्ट करने की तरफ़ ही हमारा झुकाव होना चाहिये।

यहाँ तक किये हुअे विवेचनमें कोअी असाधारण बात कही हो सो बात नहीं। लेकिन परोसनेकी वृत्तिका दोष आजकलके अध्यापक, लेखक, प्रचारक, कवि और पत्रकार सबमें बहुत बढ़ गया है और अिसलिये साहित्यका सेवन करके साधना द्वारा अुसे हज़म करके जीवनको अुन्नत बनाने की ओर अितनी लापरवाही होने लगी है कि अक्लमंद लोगोंको भी यह छोटीसी सूचना करनेकी जरूरत पैदा हो गयी है।

✤ ✤ ✤

कोअी भी ग्रंथ पढ़ते वक्त ग्रंथकारकी वृत्ति और दृष्टिके साथ तदाकार होकर पढ़ना चाहिये। लेकिन ग्रंथके बारेमें कभी प्रामाण्य-बुद्धि अुत्पन्न नहीं होने देना चाहिये। ज्ञान चाहे जहाँसे, चाहे जैसा मिले तो भी तारतम्य बुद्धि तो अपनी ही होनी चाहिये। प्रत्येक ग्रंथका कालिक, देशिक और वैयक्तिक ( व्यक्तिगत ) संस्करण करना ही पड़ता है। यह जो कर सकता है अुसीका वाचन सफल और कृतार्थ होता है।

— हिंडलगा जेल, १९३२

## : : साहित्यकी आजकी अेक कसौटी

संस्कारी लोगोंका पक्ष लेकर राजा भर्तृहरिने साहित्य, संगीत और कलासे विहीन लोगोंको बे-सींग-और-पूछके पशु कहा है। यह लिखते समय भर्तृहरिके मनमें साहित्यके बारेमें कितना अूँचा खयाल होगा! आजकी प्रथाके अनुसार अगर हमने अुस साहित्य-स्वामीसे पूछा होता कि 'आपकी साहित्य की परिभाषा क्या है?' तो तुरन्त अेक वाक्यमें अुसने कह दिया होता, 'नरपशुको जो पुरुषोत्तम बना सकता है वह साहित्य है।' भर्तृहरिका 'अेकान्ततो निःस्पृह' पंडित न लोभ या कीर्तिसे ललचायेगा, न राजा से भी डरेगा। अैसे ही मनुष्योंको हम साहित्यवीर कह सकते हैं।

साहित्य दैवी शक्ति है। अिस शक्तिके बलपर निर्धन मनुष्य भी लोकप्रभु बन सकता है और महान् सम्राट भी राजदंडसे जो कुछ नहीं कर सकते अुसे शब्दशक्ति द्वारा आसानीसे साधता है। राजाको तनख्वाह देकर अपने यहाँ 'प्राणत्राणप्रवणमति' हृदयशून्य

सिपाही रखने पड़ते हैं। लेकिन साहित्यसम्राटके पास सहृदय सज्जनोंकी स्वयंसेवी फौज हमेशा तैयार रहती है। सच्चा साहित्यवीर यह नहीं कह सकता कि फलाँ चीज मेरे लिये 'अशक्य' है। साहित्यकी दीक्षा लेनेके बाद अुसे तो प्रत्येक न्याय्य और धर्म्य कार्य अपना ही समझना चाहिये। सुखी लोग फ़ुरसतके वक्त समय बितानेके लिये कुछ अच्छासा साहित्य पढ़ना चाहते हैं। अुसकी पूर्ति करनेसे और भाषा सौन्दर्यके नये नये प्रकार अुत्पन्न करनेसे साहित्यकी सेवा हो गयी अैसा कोअी न माने। लोगोंमें अुत्साह पैदा करना, लोगोंकी शुभवृत्तिको जागृत करना, और सरस्वतीके प्रसादसे लोगोंका धर्मतेज प्रज्ज्वलित करना साहित्यकारका काम है। सिर्फ जनरंजन करना, लोगोंमें जो जो वृत्तियाँ अुत्पन्न होंगी अुन सबके लिये पर्याप्त आहार दे देना साहित्यकारका धंधा नहीं है। 'अैसे लोगोंमें मैं नहीं हूँ'—कहकर भर्तृहरिने गाया था:—

**न नटा न विटा न गायका न परद्रोह-निबद्ध-बुद्धयः** ' अित्यादि.

सौन्दर्यके साथ अगर शील हो तभी वह शोभा देता है, साहित्यके साथ सात्त्विक तेज हो तभी वह भी कृतार्थ होता है।

हमारे ज़मानेमें मानवताकी कसौटी करनेवाला अेक बड़ा सवाल हमारे सामने खड़ा है। प्रत्येक मनुष्यको वह कसता है—राजसेवकको तथा जनसेवकको, धर्माधिकारियोंको तथा अर्थाधिकारियोंको, हिन्दुओंको तथा औरोंको। जिस तरह खेतोंमें घूमते समय धोतीमें काँटे अुलझ जाते हैं अुसी तरह हमारे समाजमें, हमारी धारणाओंमें अस्पृश्यता घुस गयी है। वह जबतक जड़मूलसे निकल न जायेगी तबतक हमको शान्ति मिलनेवाली नहीं है।

राजनैतिक पुरुष कमर कसकर अुसके पीछे पड़े हैं। सामाजिक रूढ़ियोंके विषयमें अुदासीन रहनेवाले हमारे साधुसन्तोंने अिस

अस्पृश्यताको बदनाम करनेके लिये अपनी प्रासादिक वाणीका प्रयोग किया है। महाराष्ट्रमें वैश्योंमें तुकाराम, और ब्राह्मणोंमें गृहस्थाश्रमी अेकनाथ और ब्रह्मचारी रामदास अस्पृश्यताको बर्दाश्त न कर सकते थे। गुजरातमें ज्ञानी संत अखो और भक्तशिरोमणि नरसैंया अस्पृश्यता को दूर करनेके लिये धर्मवीरकी तरह लड़े हैं। आजके ज़मानेमें श्रद्धामूर्ति श्रद्धानन्दजीका बलिदान भी अिसीलिये हुआ है। साहित्य-वीरोंको भी आज अपनी शक्ति–शक्तिसर्वस्व–अिसी धर्मकार्यमें लगानी चाहिये। अस्पृश्यतानिवारण हमारा युगधर्म है। अिससे पहले कि हम मर जायँ, अस्पृश्यता मर ही जानी चाहिये। वरना सनातन धर्मके भी टिकनेकी आशा नहीं है।

अब देखना है कि आजका साहित्य अिस अेक वीरकर्मकी सफलता के लिये क्या क्या करनेको तैयार है।

—सन् १९२९

✤ ✤ ✤

## : : : ब्राह्मी साहित्यकार

अिस विशाल विश्वमें हमारे लिये जीवनसे श्रेष्ठ कोअी भी वस्तु नहीं है। हम जो कुछ देखते या सुनते हैं, जो कुछ हमारे मनमें या अनुभवमें आता है वह सब जीवनके क्षेत्रमें आ ही जाता है। कल्पना-सृष्टि और आदर्श-सृष्टि भी जीवन-जगतके दो खंड ही हैं और अज्ञात अनन्त तो जीवन-जगतका क्षितिज कहा जा सकता है।

और मरणको क्या हम जीवनक्षेत्रके बाहरका समझेंगे? नहीं, हरगिज़ नहीं। मरण भी जीवन ही की अेक अुत्कृष्ट विभूति है। जीवनमें

जो कुछ अपूर्ण रह जाता है वह मरणमें पूर्ण और कृतार्थ होता है। मरण के बारेमें हम ज़रूर कह सकते हैं :—

येथें नाहीं झाली कोणाची निरास। आल्या याचकास कृपेविशीं॥

(यहाँ तो चाहे जो याचक आ जाय, अुसकी कभी निराशा नहीं हुआ करती। सबके अूपर अुसकी अेकसी ही कृपा रहती है।)

दिन और रात मिलकर जिस तरह पूरा दिन (रोज़) होता है अुसी तरह जीवन और मृत्यु दोनों मिलकर सम्पूर्ण जीवन होता है। दिनके वक्त सर्वत्र सफ़ेद अँधेरा फैला होता है और अिसलिये हम सिर्फ़ अेक सूर्य और अेक पृथ्वी तकही देख सकते हैं। रातके वक्त काला निर्मल प्रकाश चारों ओर फैल जाता है जिससे आकाश खुला हुआ दिखाअी देता है, विस्तृत मालूम होता है, अुस प्रकाशमे हम अनेक पृथ्वियाँ और अनन्त सूर्य देख सकते हैं। रात्रिका वैभव दिनके वैभवकी अपेक्षा कअी गुना अधिक होता है और अिसीलिये अनन्त सूर्योंके दर्शन अेक साथ होते हुअे भी हमें अुनमेंसे किसीका भी ताप सहना नहीं पड़ता। अनन्त कोटि सूर्य अेकत्र चमकते हैं, फिर भी वह हमें शान्ति ही प्रदान करते हैं!

✤ ✤ ✤

जिस तरह मनुष्य अपने बचपनमें स्कूलमें बहुत से सबक़ सीखता है और बड़ा होनेपर व्यापक जीवनमें अुन्हें अुपयोगमें लाता है या प्रयोगशाला में छोटे छोटे प्रयोग करके बादमें लोकव्यवहारमें अुन प्रयोगोंका विस्तार करता है, अुसी तरह हम अपनी सारी आयुमें जो व्यक्तित्व और अध्यात्म आत्मसात् करते हैं अुसीको मरण के द्वारा व्यापक और बृहत्तम बनाते हैं। अिसीलिये अैसा कहा जाता है कि मरण तो जीवन का नया और अुत्कृष्ट संस्करण है। जीवन और मरण मिलकर जो अेक बृहत्तम वस्तु बनती है अुसीको ब्रह्म कहा जाता है।

